रायगढ़, शुक्रवार
02.06.2017
ज्येष्ठ शुक्ल 08
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union
www.sjunion.org

Web: www.nyaysakshi.com

3 जवान की शहादत से ...
6 देखे मनोरंजन में ....

» वर्ष-1 » अंक-10 »

## खबर ए खास

### बाबू बजरंगी को मिली सात दिन की जमानत

**गुजरात दंगा मामला मौत तक उम्रकैद की सजा दी गई है।**

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने 2002 नरोदा पाटिया नरसंहार मामले में मौत तक उम्रकैद की सजा काट रहे बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी की एक सप्ताह की जमानत आज मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति बी एन करिया ने बजरंगी को अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए अस्थायी राहत दी। बजरंगी ने अपनी याचिका में कहा कि उसकी पत्नी अस्पताल में है और उसके गर्भाशय में ट्यूमर का जल्द ही ऑपरेशन होगा, उसने अदालत को बताया कि इस स्थिति में उसकी मौजूदगी जरूरी है, यहां साबरमती केंद्रीय कारागार में कैद बजरंगी ने 30 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, एक विशेष अदालत ने नरोदा पाटिया नरसंहार मामले में अगस्त 2012 में बजरंगी को मृत्यु तक उम्रकैद की सजा सुनाई थी, इस नरसंहार में 97 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादा अल्पसंख्यक समुदाय के थे, इसी अदालत ने पूर्व मंत्री माया कोडनानी को 28 वर्ष की जेल की सजा सुनाई थी.

### मनोज और विजय के मतभेद पर नाराज़ वरिष्ठ नेता

**मामला सुलझाने के निर्देश**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिल्ली इकाई के प्रमुख मनोज तिवारी और केंद्रीय मंत्री विजय गोयल से अपने 'मतभेद' को सुलझाने के लिए कहा है। दोनों के बीच मनमुटाव की खबरों से पार्टी की छवि को हो रहे नुकसान के मद्देनजर उनसे से ऐसा करने को कहा गया। दिल्ली भाजपा कार्यकारिणी की बैठक के पहले दिन भी मनोज तिवारी और विजय गोयल के बीच चल रहे कथित 'तकरार' का मुद्दा हावी रहा। एक सूत्र ने बताया कि गोयल ने भाजपा महासचिव (संगठन) से मुलाकात की और इसके बाद उन्होंने तिवारी के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने कहा कि दोनों ने अपने 'मतभेद' सुलझा लिए हैं।

### संजय सिंह के निजी सहायक,समर्थक पर मामला दर्ज

**आप नेता है संजय सिंह छेड़खानी का मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने आम आदमी पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता से हुई कथित छेड़छाड़ के मामले में पार्टी नेता संजय सिंह के निजी सहायक और एक पार्टी समर्थक के खिलाफ मामला दर्ज किया है, पुलिस ने बताया कि महिला ने पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर पुलिस थाने में पिछले महीने एक शिकायत दर्ज कराई थी और कानूनी राय लेने के बाद मामला दर्ज किया गया, 2 अप्रैल को तिलक नगर में चौखंडी चौक के समीप एक रैली के दौरान महिला ने सिंह को कथित तौर पर थप्पड़ मारा, हालांकि जब पुलिस वहां पहुंची तो कोई नहीं मिला, महिला कार्यकर्ता ने दावा कि उसे पार्टी में एमसीडी चुनाव के टिकट वितरण में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाने नहीं दिया गया और उसने सिंह के निजी सहायक और एक आप समर्थक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि उसे प्रताड़ित किया गया है।

### ट्रंप की मौजूदगी में शरीफ को नहीं मिला बोलने का मौका!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सऊदी में अरब में जाकर ट्रंप के सामने बोलने का मौका नहीं दिया गया, पाकिस्तानी मीडिया ने ट्रंप के सामने हुई इस बेइज्जती पर नवाज शरीफ को आड़े हाथों लिया है, पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया में कहा जा रहा है कि इस्लामिक समिट के दौरान नवाज शरीफ अलग-थलग पड़ गये, आतंकवाद के मुद्दे पर उन्हें अपनी राय नहीं रखने दी गई । पाक मीडिया ने उठाए सवाल पाक अखबारों और मीडिया चैनलों ने नवाज शरीफ की सऊदी यात्रा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जब उन्हें कहीं तवज्जों नहीं मिल रही तो सऊदी अरब जाने की क्या जरूरत थी। द डेली पाकिस्तान में छपी खबर के मुताबिक, समिट के दौरान नवाज शरीफ अलग-थलग पड़ गए , उन्हें आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी राय रखने का मौका भी नहीं मिला. मौका था ट्रंप की सभा में आतंक पर लगाम लगाने पर विचार रखने का, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 14 मुस्लिम देशों में पाकिस्तान अकेला ऐसा देश है जिसके बाद न्यूक्लियर पॉवर है, इसके बावजूद भी पाकिस्तान को ट्रंप के सामने कोई तवज्जो नहीं दी गई। ट्रंप के स्पीच में पाकिस्तान का जिक्र नहीं ट्रंप ने एक बार भी अपने भाषण में नवाज शरीफ या पाकिस्तान का जिक्र तक नहीं किया. शरीफ के सामने ही उन्होंने भारत को आतंकवाद से पीड़ित मुल्क बताया। इस बैठक में ट्रंप ने मुस्लिम देशों के नेताओं से अपील की कि वे मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करें।

### मैनचेस्टर में एरियाना ग्रैंडे के शो में धमाका, 22 की मौत

**लदन।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर शहर में एक बड़े आतंकवादी हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए, पुलिस ने हमले की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवादी हमला बताया है, यह हमला मैन चेस्टर एरेना में देर रात पॉप सिंगर एरियाना ग्रैंडे के कॉन्सर्ट के दौरान हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक इस धमाके में एरियाना ग्रैंडे सुरक्षित हैं।

### विमान में एक शख्स की हरकत से मचा हड़कंप

**मलबन ।** ऑस्ट्रेलिया से उड़ान भरने वाले मलेशिया एयरलाइंस के एक विमान में मानसिक रूप से बीमार शख्स के कारण हड़कंप मच गया। दरअसल, वह बम विस्फोट की धमकी देने लगा और कॉकपिट में जबरन घुसने की कोशिश करने लगा। ऐसे में विमान को वापस यहां एयरपोर्ट पर लौटना पड़ा। 25 वर्षीय शख्स श्रीलंका का रहने वाला है। विमान के चालक दलों और यात्रियों द्वारा उस पर काबू पाया गया और उसे बेल्ट से बांधकर रखा गया। शख्स की हरकत के कारण कुआलालपुर जाने वाली एमएच-128 को बुधवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के तुगामरीन एयरपोर्ट से उड़ान भरने के आधे घंटे बाद वापस लौटना और आपात स्थिति में उतारना पड़ा। लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट रक्षा कर्मियों ने शख्स को गिरफ्तार कर लिया। खबर लिखे जाने तक वह हिरासत में है।विक्टोरिया पुलिस अधीक्षक यात्रियों और चालक दल की कार्रवाई वीरतापूर्ण थी। उन्होंने स्थिति को संभाला और विमान को सुरक्षित वापस ले आए।

### फेसबुक अकाउंट पर मां-बाप को अधिकार नहीं : कोर्ट

**फ्रकफट।** जमनी का एक अदालत ने सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक के अकाउंट पर अधिकार को लेकर चौंकाने वाला फैसला दिया है। कोर्ट ने एक मृत किशोरी के मां-बाप के खिलाफ फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्हें दिवंगत बेटी के अकाउंट तक पहुंच का अधिकार नहीं दिया जा सकता। बर्लिन की अपील कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए यह व्यवस्था दी है। कोर्ट ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि निजी दूरसचार पर निगरानी का दायरा चुनिंदा लोगों तक ही है। इसका अधिकार सभी को नहीं दिया जा सकता। 15 वषर्षीय किशोरी की वर्ष 2012 में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी मां फेसबुक अकाउंट के जरिए यह जानना चाहती थीं कि उनकी बेटी ने आत्महत्या तो नहीं की थी। इसको लेकर उन्होंने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जर्मनी में निजता से जुड़ा कानून बहुत संवेदनशील और सख्त है।

### छह संदिग्धों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

**मुबइ।** रलव सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने यहां छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सह यात्रियों के अनुसार वे बम पर चर्चा कर रहे थे। आरपीएफ ने सोमवार रात उन्हें छत्रपति शिवाजी टर्मिनस रेलवे स्टेशन गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद आगे की जांच के लिए वाशी गवर्नमेंट रेलवे पुलिस को सौंप दिया। हालांकि जांच के बाद वाशी गवर्नमेंट रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों को छोड़ दिया, क्योंकि इस मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

### किसान गरीब और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं : प्रधानमंत्री

**गाधानगर।** प्रधानमत्रा नरद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को अफ्रीकी विकास बैंक (एएफडीबी) समूह की सालाना बैठक का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि दशकों से अफ्रीका के साथ हमारे संबंध मजबूत हो गए हैं। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से हमने भारत की विदेश व पर्यावरण नीति के लिए अफ्रीका को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के साथ भारत की साझेदारी सहयोग एक मॉडल पर आधारित है जो अफ्रीकी देशों की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अफ्रीका लगभग एक सी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, किसान, गरीब और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दोनों ही देश प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भारत को अफ्रीका के साथ अपनी शिक्षा और तकनीकी संबंधों पर गर्व है। अफ्रीका और भारत के बीच व्यापार में पिछले 15 वर्षों में बढ़ोतरी हुई है, जबकि पिछले पांच 5 वर्षों में व्यापार दोगुना हुआ है। हमने रेलवे, राजमार्ग, बिजली और गैस पाइपलाइन जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'पिछले 3 वर्षों में भारत के सभी मैक्रो आर्थिक संकेतकों में सुधार हुआ है। हमने विकास की दिशा में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा अगले साल तक भारत में कोई भी गांव बिजली के बिना नहीं होगा। भारत जलवायु अनुकूल विकास का एक और एक उदाहरण होना चाहिए। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अफ्रीकी विकास बैंक की वार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा, '21वीं सदी केवल अकेले एशिया की सदी नहीं होगी, यह एशिया और अफ्रीका दोनों के लिए एक समान होगी। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ कृषि और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भारत और अफ्रीका महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में उभर सकते हैं। बता दें कि बैठक 22-26 मई के बीच होगी। यह बैंक अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें इसके 81 सदस्य देशों के लगभग 3,000 प्रतिनिधि भाग लेगे। जो पहली बार भारत में हो रही है। बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य अफ्रीकी देशों के समक्ष मौजूद विकासात्मक चुनौतियों पर चर्चा करेंगे और समावेशी व सतत विकास की रास्तों पर विचार विमर्श करेंगे।

## मानहानि के दूसरे केस में केजरीवाल को कोर्ट से नोटिस

**26 जुलाई तक देना है जवाब**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ बीजेपी नेता और केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली द्वारा आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर 10 रुपये के नए मानहानि के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर अरविंद केजरीवाल से 26 जुलाई तक जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ही अरुण जेटली की ओर से यह केस दाखिल किया गया है. अरुण जेटली ने इस बार आपराधिक मानहानि नहीं, बल्कि सिविल मानहानि का केस किया है, यह मामला 17 मई को जिरह के दौरान अरविंद केजरीवाल के वकील राम जेठमलानी द्वारा अरुण जेटली को अपशब्द कहे जाने के बाद दायर किया गया है. बता दें कि केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच चल रहीं कानूनी जंग फिलहाल खत्म होती नहीं दिखाई दे रहीं, सोमवार को जेटली ने केजरीवाल के खिलाफ 10 करोड़ रुपए के मानहानि का नया दीवानी मुकदमा हाई कोर्ट में दायर किया है. जेटली के वकील माणिक डोगरा ने याचिका दायर कर अदालत को बताया है कि उनके मुवक्किल ने पहले ही दीवानी मानहानि का मामला दायर कर केजरीवाल व अन्य पांच आप नेताओं संजय सिंह, राघव चडढा, कुमार विश्वास, आशुतोष , व दीपक वाजपेयी से 10 करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति दिलवाने की माग की हुई है, इन सभी लोगों ने जेटली पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था. वर्ष 2000 से 2013 तक जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष थे. याचिका के अनुसार उक्त मामले की जिरह के दौरान विगत 17 मई को केजरीवाल के अधिवक्ता राम जेठमलानी ने जेटली के लिए एक शब्द का इस्तेमाल किया जो अपमानजनक है, उन्होंने कहा उनके पूछने पर जेठमलानी ने माना है कि उन्होंने इस शब्द का प्रयोग अपने मुवक्किल अरविंद केजरीवाल के कहने पर किया है, उन्होंने कहा अगले दिन सभी चैनलों व समाचार पत्रों में इस संबंध में विस्तृत खबरें चली थी, याची ने कहा इन खबरों को देखकर जेटली के परिवार, दोस्तों, रिस्तेदारों व शुभचिंतकों के आगे उनके मुवक्किल की प्रतिष्ठा खराब हुई है, वहीं जेटली ने हमेशा से ही ईमानदारी से काम किया है और उनकी अपनी प्रतिष्ठा है. जिस प्रकार जेठमलानी ने माना उक्त शब्द का प्रयोग केजरीवाल के कहने पर किया है ऐसे में उनके मुवक्किल को केजरीवाल के 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त क्षति पूर्ति दिलवाने का निर्देश दिया जाए , गौरतलब है कि दीवानी मानहानि मामले के अलावा जेटली ने आप नेताओं के खिलाफ निचली अदालत में आपराधिक मानहानि का मामला भी दायर किया हुआ है.

### परेश रावल का ट्वीट भाजपा की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है : शोभा ओझा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लेखिका अरुंधती राय पर बॉलीवुड अभिनेता व भाजपा सांसद परेश रावल द्वारा किए गए विवादित ट्वीट की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने मंगलवार को कहा कि यह स्पष्ट रूप से परेश रावल और भाजपा की 'तानाशाही मानसिकता' को दर्शाता है। आपको बता दें कि परेश रावल ने अपने ट्वीट में लिखा था, 'पत्थरबाजों की जगह अरुंधति राय को सेना की जीप के सामने बांधा जाना चाहिए।' दरअसल, पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना की जीप के सामने बंधे हुए एक युवक का वीडियो वायरल हुआ था। यह ट्वीट उसी संदर्भ में था। कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने कहा, परेश रावल ने अपने ट्वीट में संचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल किया, ताकि उन लोगों को चुप करा सकें जो उनसे अलग राय रखते हैं। उन्होंने कहा, 'परेश रावल जी ने जो कुछ भी कहा है वह तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। यह भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही का परिचय देता है। वहीं जदयू नेता शरद यादव ने भी कहा कि परेश रावल का ट्वीट निंदनीय है और उन्हें इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, 'परेश रावल का ट्वीट निंदनीय है। ऐसे अभिनेता जिनकी फिल्में नहीं चलतीं, वे राजनीति में आ जाते हैं। वे राजनीति और लोगों के बारे में क्या जानते हैं वे कुछ नहीं जानते हैं। उन्हें इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हालांकि परेश रावल का समर्थन करते हुए भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि पत्थरबाजों को एक ऐसी महिला को निशाना बाने में मजा आएगा, जो अपने देश के प्रति वफादार नहीं है।

### पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को उम्रकैद की सजा

**हजारीबाग।** झारखंड की हजारीबाग कोर्ट ने राजद नेता और पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह को पूर्व विधायक अशोक सिंह की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा सुनाई है।पिछले दिनों प्रभुनाथ सिंह को 22 वर्ष पुराने हत्या के इस मामले में दोषी करार दिया गया था।

### हिंदू व मुस्लिम महिलाओं ने बचाई एक दूसरे के पति की जान

**नोएडा।** समाज के कुछ अराजक तत्व भले ही सांप्रदायिकता के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हों, लेकिन एक हिंदू व एक मुसलमान महिला ने एक दूसरे के पति की जान बचाकर एकता की अद्भुत मिसाल पेश की है। जेपी अस्पताल में भर्ती दोनों महिलाओं के पति को किडनी की जरूरत थी, लेकिन दोनों की किडनी अपने पति के ग्रुप से मैच नहीं कर रही थी। इसके बाद दोनों महिलाओं ने एक दूसरे के पति को अपनी किडनी दान करने का सराहनीय फैसला ले डाला। ये दोनों महिलाएं भले ही विपरीत धर्म से थीं, लेकिन वह न तो हिंदू बनना चाहती थीं और न ही मुसलमान। ऐसे मौके पर वह सिर्फ इंसान बनना चाहती थी। आखिरकार उन्होंने इंसानियत की बड़ी मिसाल पेश की। ग्रेटर नोएडा निवासी 29 वर्षीय मरीज इकराम को बागपत निवासी 36 वर्षीय मरीज राहुल की पत्नी पवित्रा ने एवं राहुल को इकराम की पत्नी रजिया ने अपनी किडनी दान की। इन मरीजों का ऑपरेशन किडनी प्रत्यारोपण विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अमित देवड़ा, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. अब्दुल मनन एवं नेफ्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिल भट्ट, डॉ. भीम राज, डॉ. हारूल की टीम ने किया।

### युवतियों को योग से निरोग बना रहीं वीणा

**पटना।** कुंवर टोला की निवासी डॉ. वीणा युवतियों को निरोग रहने के लिए योग सिखा रही हैं। उन्होंने अबतक दर्जनों युवतियों को योग सिखाया है और ये युवतियां भी इस मुहिम में वीणा के साथ जुटी हुई हैं। उन्होंने जीवनपर्यंत इस काम को करने का संकल्प लिया है। लड़कियों को योग सिखाने के लिए वीणा विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क शिविर लगाती हैं। सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया व किशनगंज तक उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बना रखा है। युवतियों को इसका लाभ भी मिल रहा है। सहरसा के कला भवन में डॉ. वीणा नियमित रूप से योग की कक्षा चलाती हैं। उनसे सीखकर 104 युवतियां विभिन्न मोहल्लों में जाकर लड़कियों व महिलाओं के बीच योग का अलख जगा रही हैं। डॉ. वीणा के प्रयास से मधुमेह आदि बीमारियों में फायदा पहुंचा है। वीणा ने बताया कि कई महिलाएं झिझक के कारण योग करने से परहेज करती हैं। इस झिझक को तोड़ने के लिए भी वे अभियान चला रही हैं। वे कहती हैं कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक बीमार पड़ती हैं। ऐसे में कपालभाति, वृक्षासन, अनुलोमविलोम, भ्रामरी, उद्गीत, ध्यानात्मक प्राणायाम आदि काफी फायदेमंद हैं। इससे युवतियों के चेतनास्तर में वृद्धि होती है और एकाग्रता बढ़ती है। एक धार्मिक चैनल से प्रभावित होकर वीणा ने यह काम शुरू किया।

## केरल की मस्जिद में इशारों से पढ़ाई जाएगी जुमे की नमाज

**मालाप्पुरम।** कुछ दिनों में मुसलमान श्रद्धालुओं के लिए रमजान का पाक महीना शुरू होने वाला है। इसे देखते हुए सोमवार को मालाप्पुरम के पुलिक्कल में मस्जिद अल-रहमा का उद्घाटन किया गया। इस नए मस्जिद की अपनी विशेषता होगी, जो दिव्यांगों के लिए खास है। यहां नमाज-उपदेश इशारों के जरिए पढ़ाई जाएगी। इशारों की मदद से नमाज पढ़ाने की कोशिश दिव्यांगों के लिए की जा रही। जुमे (शुक्रवार) की नमाज पढ़ाए जाने से पहले मस्जिद में उपदेश दिया जाता है। हर शुक्रवार को होने वाली नमाज में मस्जिद के इमाम या मौलवी, नमाज पढ़ने के लिए इकट्ठा हुए लोगों को उपदेश देते हैं। इस मौके पर इमाम कुरान की बातों को ही अपने उपदेश का हिस्सा बनाते हैं या यूं कहें कि कुरान का मेसेज लोगों को दिया जाता है। इशारों से उपदेश और नमाज पढ़ाने का काम एलसीडी स्क्रीन की मदद से होगा। यह मस्जिद 5 एकड़ तक फैला है जिसमें में एक बार में लगभग 500 से ज्यादा लोग नमाज पढ़ सकेंगे। इसके अलावा चलने में असमर्थ लोगों की सुविधा के लिए मस्जिद के तमाम टॉयलेट में आर्म रेस्ट और रैंप्स बनाए गए हैं और व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध है। इस खास मस्जिद को बनवाने का काम एनजीओ एबिलिटी फाउंडेशन ने किया है। यह एक गैर-सरकारी चैरिटेबल संस्था है जो मुजाहिद ग्रुप का हिस्सा है। फाउंडेशन के चेयरमैन मुस्तफा मदनी का दावा है कि उनके एनजीओ में लगभग 300 दिव्यांग छात्र पढ़ते हैं। इनमें से लगभग 200 छात्र सुनने में असमर्थ हैं। ऐसे में कई बार छात्र नमाज में चाहते हुए भी शामिल नहीं हो पाते। इसलिए ही मदनी ने मस्जिद में इशारों की मदद से नमाज और उपदेश की शुरुआत का सोचा। अक्टूबर 2016 में इस मसजिद के लिए निर्माण कार्य शुरू हुआ था जो अब जाकर पूरा हुआ है। इसमें करीब 75 लाख की रकम खर्च की गयी। इसका उद्घाटन केरला जामिया थुल उलेमा के अध्यक्ष सीपी उमर सुल्लमी ने किया। इस मौके पर कई मुसलिम धर्मगुरु उपस्थित थे।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिंग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400